# बंद राइस मिल में नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री

Publish Date:Mon, 01 Jul 2019 10:51 PM (IST)



पुलिस ने उत्तराखंड के काशीपुर मार्ग पर क्षेत्र के गांव डिबडिबा में बंद पड़ी राइस मिल में संचालित नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री से करीब पांच सौ कट्टे नकली सीमेंट बरामद किया है।

बिलासपुर : पुलिस ने उत्तराखंड के काशीपुर मार्ग पर स्थित डिबडिबा गांव में बंद पड़ी राइस मिल में चल रही अवैध सीमेंट फैक्ट्री पकड़ी है। यहां से पुलिस ने 500 कट्टे नकली सीमेंट भी बरामद किया है। यहां मिले सीमेंट के कट्टे विभिन्न कंपनियों के हैं। पुलिस ने सीमेंट बनाने के उपकरणों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दो लोगों को भी हिरासत में ले लिया है। सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रुद्र-बिलास पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण कटियार को सूचना मिली कि उत्तराखंड के काशीपुर मार्ग पर तहसील क्षेत्र के गांव डिबडिबा में बंद पड़ी राइस मिल में नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री संचालित है। सूचना पाकर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को राइस मिल के अंदर संचालित नकली सीमेंट फैक्ट्री मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाल माधो सिंह बिष्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने यहां से तकरीबन पांच सौ कट्टे नकली सीमेंट एवं सीमेंट बनाने के उपकरणों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने नकली सीमेंट फैक्ट्री से अधिक मात्रा में खाली सीमेंट के कट्टे बरामद किए हैं। फैक्ट्री में एसीसी, बांगड़, अंबुजा, श्री सीमेंट, रॉकस्ट्रॉग, जेके सुपर सीमेंट के खाली एवं सीमेंट भरे हुए कट्टे बरामद किए हैं। उक्त फैक्ट्री पिछले काफी समय से चल रही थी। फैक्ट्री में जो सीमेंट जम जाता था तथा खराब हो जाता था, उसे मशीनों द्वारा पीसकर उसमें राख मिलाकर पुन: बड़ी-बड़ी कंपनियों के कट्टे में भरकर बेच दिया जाता था। पुलिस ने फैक्ट्री स्वामी आशीष जैन, विजय अग्रवाल निवासी रुद्रपुर को हिरासत में ले लिया। उधर जेके सुपर सीमेंट के मैनेजर सुनील कुमार ने फैक्ट्री स्वामी आशीष जैन, विजय अग्रवाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/rampur-factory-closed-to-make-fake-cement-made-in-rice-mill-19361730.html